भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2293
जिसका उत्तर सोमवार, 09 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

एचएमटी भूमि का केरल सरकार को हस्तांतरण

2293. श्री के.के.रागेस:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हिन्दुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी) कलामस्सेरी के स्वामित्व वाली भूमि को केरल सरकार को हस्तातंरित करने पर विचार चल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो भूमि हस्तांतरण की स्थिति क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) और (ख): जी, हाँ। एचएमटी ने वर्ष 2000 के दौरान केरल सरकार को 300 एकड़ भूमि सौंपी। केरल सरकार ने 250 एकड़ भूमि सौंपने का पुनः अनुरोध किया। इस संबंध में, कंपनी ने माननीय उच्चतम न्यायालय में विशेष इजाजत याचिका (एसएलपी) दायर की है जो विचाराधीन है।

******